**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 01.11.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला, दैनिक जागरण,हिंदुस्तान,न्यायाधीश, जनसन्देश टाइम्स ,यूनाइटेड भारत,तरुण मित्र," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

### अमर उजाला –दि0 01.11.2025

## वीडीए ने भवन किया सील

**वाराणसी।** नगवा स्थित डाफी हाईवे के दक्षिण में राहुल पांडेय उर्फ बबलू की ओर से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए 1300 वर्गफीट में भूतल पूर्व निर्मित/अध्यासित भवन पर द्वितीय तल का निर्माण किया जा रहा था। जोनल अधिकारी संजीव कुमार व अवर अभियंता आदर्श निराला ने बताया कि आगे भी अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। ब्यूरो

### अमर उजाला –दि0 01.11.2025

## जनहित को रखें सर्वोपरि, आम नागरिकों को न हो असुविधा

**माई सिटी रिपोर्टर**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने शुक्रवार को प्राधिकरण परिसर में बने कार्यालयों का निरीक्षण किया।

वीडीए वीसी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों की समीक्षा एवं कार्यप्रणाली का मूल्यांकन कर कार्यों को अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें और सभी निस्तारणीय कार्यों को तात्कालिक प्रभाव से पूर्ण करें, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उधर, शुक्रवार प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि पूर्व की ट्रांसपोर्ट नगर परियोजना, स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट, लाइब्रेरी सहित अन्य लंबित योजनाओं को गति देकर जल्द पूरा किया जाएगा। नियमानुसार नक्शे से निर्माण करने पर बल दिया जाएगा। निर्माण में कोई त्रुटि या समस्या है, वहां कंपाउंडिंग के से वैध करने की व्यवस्था की जाएगी।

## दैनिक जागरण –दि0 01.11.2025

# अवैध निर्माण के नाम पर भवन स्वामियों का नहीं होगा उत्पीड़न

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण के नवागत उपाध्यक्ष पुर्ण वोरा ने कहा कि अवैध निर्माण के नाम पर भवन स्वामियों का उत्पीड़न नहीं होगा, बल्कि उन्हें जागरूक करने के साथ नक्शा पास कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जानकारी के अभाव में कोई अवैध निर्माण कर लेता है तो शमन मानचित्र दाखिल कराया जाएगा, फिर भी भवन स्वामी शमन मानचित्र दाखिल नहीं करता है और नियम विरुद्ध निर्माण करता है तो उनके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई होगी। क्षेत्र में अवैध निर्माण होने पर सिर्फ जोनल अधिकारी नहीं, बल्कि अवर अभियंता, सुपरवाइजर और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी जिम्मेदार होंगे। उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वह शुक्रवार को वीडीए सभागार में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भवनों का नक्शा पास करने की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और त्वरित किया जाएगा। आने वाले फरियादियों की समस्या हेल्प डेस्क से



मीडिया से बातचीत करते वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण वोरा। साथ में वीडीए सचिव डा. वीपी मिश्रा (दाहिने से) • स्रोत- वीडीए

प्राथमिकता पर दूर की जाएगी। अधिकारी बेवजह फरियादियों को परेशान करता है तो उसे दंडित किया जाएगा। इसकी मानीटरिंग अलग से होगी। धर्म व अध्यात्म की नगरी काशी में अनियोजित विकास पर रोक लगाते हुए सुनियोजित विकास कराया जाएगा। चल रही योजनाएं समय पर पूरी हो, इसके लिए हर 15 दिन में प्रगति समीक्षा बैठक होगी। पर्यटकों की सुविधा को लेकर विकास कार्य कराएं जाएंगे। वीडीए सचिव डा.वीपी मिश्रा ने कहा कि कई विकास योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। कोशिश है कि अगले साल जनता को समर्पित कर दिया जाय।

## दैनिक जागरण –दि0 01.11.2025

# फाइल देने के साथ रजिस्टर में करें दर्ज : वीडीए उपाध्यक्ष

**जासं, वाराणसी** : वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुर्ण वोरा ने शुक्रवार को विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ फाइलों को दुरुस्त रखने को कहा। फाइलें क्रमवार रखी जाएं जिससे मांगने पर तत्काल संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराया जाए। जिस पटल से फाइल जाए वह रजिस्टर में अंकित करें और वापस आने पर फिर अपने यहां दर्ज करें। इससे फाइल इधर-उधर नहीं होगी। कर्मचारियों से मुलाकात करने के साथ उपाध्यक्ष ने कार्यशैली में बदलाव लाने की नसीहत देते रहे।

## हिन्दुस्तान –दि0 01.11.2025

# अवैध निर्माण पर जीरो टॉलरेंस होगा

**चेतावनी**

**वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता।** नवनियुक्त वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने कहा कि अवैध निर्माण पर जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन किया जाएगा। शहर में सील हुए अवैध निर्माण पर निर्माण जारी होने की शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई होगी। शुक्रवार को वीडीए मुख्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सील हुए अवैध निर्माणों की जोनवार रिपोर्ट ली जाएगी। जोनल अधिकारियों को इस संबंध में जिम्मेदारी दी जाएगी।

पूर्ण बोरा ने कहा कि आसानी से नक्शे स्वीकृत किए जाएंगे और आमलोगों से लेकर वाणिज्यिक भवनों के नक्शों को पास कराने में दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर, स्पोर्ट्स सिटी, नेट जीरो लाइब्रेरी समेत अन्य विकास कार्यों को समय से पूरा कराने पर जोर होगा। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट रोड से घाटों तक शहर में सुंदरीकरण के प्रोजेक्ट पर फोकस होगा। इस दौरान वीडीए सचिव डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा मौजूद रहे।



नवागत वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा।

**विभागों में औचक निरीक्षण किया:** वीडीए उपाध्यक्ष ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों में औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों, कर्मचारियों से संवाद किया। निर्माण, नियोजन, संपत्ति, अधिष्ठान, विधि अनुभाग, हेल्पडेस्क, कंप्यूटर विभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने फाइलों को देखा और लंबित मामलों को जल्द निपटाने का निर्देश दिया। स्टाफ से प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को जनोपयोगी एवं पारदर्शी बनाने को कहा।


# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


जनसंदेश टाइम्स –दि0 01.11.2025

# जनहित के कार्यों को वरीयता दें



**निर्देश**

## वीडीए उपाध्यक्ष ने विभिन्न अनुभागों का किया निरीक्षण पत्रावलियां जांची

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने शुक्रवार को कार्यालय के विभिन्न अनुभागो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अनुभाग में संचालित प्रत्येक कार्यो का हाल जाना और पत्रावलियो एवं अभिलेखो का अवलोकन भी किया। वीडीए उपाध्यक्ष ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त जहां उनके कार्यों की समीक्षा की ,वही कार्यप्रणाली का मूल्यांकन कर इसे अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने और बेहतर किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने जनहित को सर्वोपरी रखते हुए अंधिकारियों और कर्मचारियो से बेहतर कार्य किए जाने तथा उसे तात्कालिक प्रभाव से पूर्ण करने को कहा ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की-असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को पूर्णतः जनोपयोगी एवं पारदर्शी बनाया जाय। जिससे जनता को त्वरित और संतोषजनक सेवाएं प्राप्त हो सके।

## जनसंदेश टाइम्स –दि0 01.11.2025

# पब्लिक फ्रेंडली और पारदर्शी होगा वीडीए का कार्य

**दिया आश्वासन**

**जनता की आवश्यकताओं का रखा जाएगा ध्यान**

**नए जनोपयोगी प्रोजेक्ट्स का होगा आगाज**



**वाराणसी।** वीडीए का कार्य पब्लिक फ्रेंडली और पारदर्शी किया जाएगा,वही जनता के आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए नए जनोपयोगी प्रोजेक्ट्स की जल्द शुरूआत होगी। एयरपोर्ट से घाट तक के सौंदर्यीकरण कार्य को प्राधिकरण द्वारा प्राथमिकता दी जाएगी और उसे और बेहतर तथा सुंदर किया जाएगा। यह बात वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने शुक्रवार को वीडीए सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में वाराणसी विकास प्राधिकरण की भावी कार्ययोजना की जानकारी देते हुए कही। उन्होंने बताया कि शहर में अवैध निर्माणो के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। उसकी पहचान होंगी और आवश्यकतानुसार कम्पाउडिंग की जाएगी। उपाध्यक्ष ने कहा कि मैप अप्रूवल प्रक्रिया को जहां और अधिक सरल बनाया जाएगा,वही पारदर्शी एवं त्वरित किया जाएगा ताकि नागरिकों को समयबद्ध सुविधा प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि अब सभी योजनाओं एवं परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाएगा। इसमें किसी प्रकार की न लेटलतीफी होगी और न तो लापरवाही बर्दाश्त की जाएगी।

## न्यायाधीश –दि0 01.11.2025

# उपाध्यक्ष वाविप्रा ने किया विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण



वाराणसी । वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा द्वारा 31/10/2025 को प्राधिकरण परिसर अंतर्गत विभिनन्न अनुभागों – निर्माण अनुभाग, नियोजन अनुभाग, संपत्ति अनुभाग, अधिष्ठान अनुभाग, आवाप्ति अनुभाग, विधि अनुभाग, हेल्पडेस्क, कंप्यूटर अनुभाग तथा अन्य संबद्ध अनुभागों का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष द्वारा प्रत्येक अनुभाग में संचालित कार्यों के साथ-साथ पत्रावलियों एवं अभिलेखों का अवलोकन किया गया। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों की समीक्षा एवं कार्यप्रणाली का मूल्यांकन कर कार्यों को अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु निर्देशित किया गया त उक्त के अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया कि प्राधिकरण के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी जनहित को सवीपरि रखते हुए कार्य करें तथा सभी निस्तारणीय कार्यों को तात्कालिक प्रभाव से पूर्ण करें, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने यह भी कहा कि प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को पूर्णतः जनोपयोगी एवं पारदर्शी बनाया जाए, जिससे जनता को त्वरित और संतोषजनक सेवाएँ प्राप्त हो सकें।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश –दि0 01.11.2025

## मैप अप्रूवल प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं त्वरित बनाया जाएगा, ताकि नागरिकों को समयबद्ध सुविधा प्राप्त हो सके : उपाध्यक्ष वाविप्रा



वाराणसी वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा (आई.ए.एस., 2018 बैच ) की अध्यक्षता में तथा सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की उपस्थिति में 31/10/2025 को मीडिया प्रतिनिधियों के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।उपाध्यक्ष द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों से परिचय कराते हुए अपने शैक्षिक एवं प्रशासकीय अनुभव साझा किए गए। उन्होंने बताया कि वे असम राज्य से है एवं वर्ष 2012 में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बी.टेक की शिक्षा प्राप्त की है। तत्पश्चात उन्होंने सैमसंग कंपनी में सॉफ्टवेयर डेवलपर के रूप में कार्य किया। तदुपरांत सिविल सेवा की तैयारी प्रारंभ की, जिसमें प्रथम प्रयास में आई.डी.एस. एवं द्वितीय प्रयास में आई.आर.एस. सेवा में चयन हुआ। तत्पश्चात वर्ष ङ2018 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित हुए।प्रशिक्षण उपरांत उपाध्यक्ष द्वारा कुशीनगर जनपद में उप जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया गया, जहाँ उन्होंने लगभग 1 वर्ष 10 माह (07.08.2020 से 28.06.2022 तक) सेवाएँ प्रदान कीं। इस अवधि में उन्होंने पर्यटन, विकास प्राधिकरण एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों का सफल संचालन करते हुए उत्कृष्ट अनुभव प्राप्त किया।इसके पश्चात वे ङमुख्य विकास अधिकारी (ण्3ध्)ङ , बिजनौर के पद पर पदस्थ हुए, जहाँ उन्होंने लगभग 3 वर्ष 4 माह (28.06.2022 से 29.10.2025 तक) का कार्यकाल पूरा किया। इस अवधि में उनके नेतृत्व में अनेक नवोन्मेषी एवं जनकल्याणकारी कार्य संपादित किए गए, जिनमें प्रमुख है | 1123 ग्रामों में लाइब्रेरी की स्थापना, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को अध्ययन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु आवश्यक संसाधन प्राप्त हुए।सभी सरकारी विद्यालयों में लगभग 3000 कंप्यूटरों का वितरण, जिससे विद्यार्थियों में डिजिटल साक्षरता को प्रोत्साहन मिला।महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु 'विदूर' ब्रांड वे अंतर्गत 150 से अधिक एफ.एम.सी.जी. उत्पादों के प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिससे स्थानीय महिला समूहों को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहन मिला। उपाध्यक्ष महोदय ने अपनी व्यक्तिगत रुचियों का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्हें शतरंज खेलना अत्यंत पसंद है, तथा बिजनौर में शतरंज को प्रोत्साहित करने हेतु कई पहलें की गई।वाराणसी विकास प्राधिकरण की भावी कायर्योजना के संदर्भ में उपाध्यक्ष महोदय ने कहा कि मैप अप्रूवल प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं त्वरित बनाया जाएगा, ताकि नागरिकों को समयबद्ध सुविधा प्राप्त हो सके।अवैध निर्माणों की पहचान कर आवश्यकतानुसार कम्पाउंडिंग की जाएगी।सभी योजनाओं एवं परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाएगा। एयरपोर्ट से घाट तक के सौदर्यीकरण कार्य को प्राधिकरण द्वारा प्राथमिकता दी जाएगी। जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नए जनोपयोगी परियोजनाएं प्रारंभ की जाएँगी। प्राधिकरण के कार्यों को पूर्णतः पब्लिक-फ्रेंडली एवं पारदर्शी बनाया जाएगा।अंत में उपाध्यक्ष महोदय द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों के प्रशनें का उत्तर दिया गया तथा भविष्य में जनता और मीडिया के सहयोग से प्राधिकरण के विकासात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु समर्पित रूप से कार्य करने का आश्वासन दिया गया।

## न्यायाधीश –दि0 01.11.2025

# अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित



वाराणसी ।उपाध्यक्ष द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में जोन-04 में अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत वार्ड-नगवा स्थित डाफी हाईवे के दक्षिण में राहुल पाण्डेय उर्फ बब्बू व अन्य द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये लगभग 1300 वर्गफीट के क्षेत्रफल में भूतल पूर्व निर्मित/अध्यासित भवन के ऊपर द्वितीय तल का निर्माण कार्य किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा-27, 28(1) व 28 (2) के अन्तर्गत दिनांक 31.10.2025 को नोटिस की कार्यवाही कर स्थल को सील करते हुए पुलिस अभिरक्षा में सौप दिया गया मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार व अवर अभियन्ता आदर्श निराला तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करेंअन्यथा की स्थिति मेंप्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगीं।

## तरूण मित्र –दि0 01.11.2025

# वीडीए की कार्यप्रणाली होगी पब्लिक फ्रेंडली, बिना परेशानी नक्शे हो पास इस पर रहेगा ज़ोर : वीसी पुर्ण बोरा

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणासी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में शुक्रवार को नवागत वीडीए उपाध्यक्ष (2018 बैच के आईएएस अफसर) पुर्ण बोरा ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पत्रकारों के समक्ष अपनी कार्यप्रणाली और प्राधिकरण में कार्यो के बाबत अपनी भावी योजनाओं के बारे में खुलकर बात की। इस दौरान वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा भी इनके संग मौजूद रहे।

शतरंज खेल को पसंद करने वाले वीडीए वीसी पुर्ण बोरा ने कहा कि मैप अप्रूवल प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं त्वरित बनाया जाएगा, ताकि नागरिकों को समयबद्ध सुविधा प्राप्त हो सके। अवैध निर्माणों की पहचान कर आवश्यकतानुसार कम्पाउंडिंग की



जाएगी।सभी योजनाओं एवं परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाएगा। एयरपोर्ट से घाट तक के सौंदर्यीकरण कार्य को प्राधिकरण द्वारा प्राथमिकता दी जाएगी। जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नए जनोपयोगी प्रोजेक्ट्स प्रारंभ किए जाएंगे। प्राधिकरण के कार्यों को पूर्णतः पब्लिक-फ्रेंडली एवं पारदर्शी बनाया जाएगा।

**बतौर सीडीओ बिजनौर पूर्ण बोरा ने कई नवोन्मेषी एवं जनकल्याणकारी कार्य संपादित किए गए जिनमें प्रमुख हैं :-**

- 1123 ग्रामों में लाइब्रेरी की स्थापना, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को अध्ययन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु आवश्यक संसाधन प्राप्त हुए।
- सभी सरकारी विद्यालयों में लगभग 3000 कंप्यूटरों का वितरण, जिससे विद्यार्थियों में डिजिटल साक्षरता को प्रोत्साहन मिला।
- महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु विदूर ब्रांड के अंतर्गत 150 से अधिक एफ.एम.सी.जी. उत्पादों के प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिससे स्थानीय महिला समूहों को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहन मिला।

यूनाईटेड भारत –दि0 01.11.2025

## प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने अनुभागों का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा' द्वारा प्राधिकरण परिसर अंतर्गत विभिन्न अनुभागों क् निर्माण अनुभाग, नियोजन अनुभाग, संपत्ति अनुभाग, अधिष्ठान अनुभाग, आवाप्ति अनुभाग, विधि अनुभाग, हेल्पडेस्क, कंप्यूटर अनुभाग तथा अन्य संबद्ध अनुभागों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष द्वारा प्रत्येक अनुभाग में संचालित कार्यों के साथ-साथ पत्रावलियों एवं अभिलेखों का अवलोकन किया गया। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों की समीक्षा एवं कार्यप्रणाली का मूल्यांकन कर कार्यों को अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु निर्देशित किया गया स उक्त के अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया कि प्राधिकरण के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें तथा सभी निस्तारणीय कार्यों को तात्कालिक प्रभाव से पूर्ण करें, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को पूर्णतः जनोपयोगी एवं पारदर्शी बनाया जाए, जिससे जनता को त्वरित और संतोषजनक सेवाएँ प्राप्त हो सकें।

यूनाईटेड भारत –दि0 01.11.2025

## अवैध निर्माण सील

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष द्वार मिले निर्देश में जोन-04 में अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी।' प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड-नगवा स्थित डाफी हाईवे के दक्षिण में राहुल पाण्डेय उर्फ बब्लू व अन्य द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये लगभग 1300 वर्गफीट के क्षेत्रफल में भूतल पूर्व निर्मित/अध्यासित भवन के ऊपर द्वितीय तल का निर्माण कार्य किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा-27, 28(1) व 28 (2) के अन्तर्गत दिनांक 31.10.2025 को नोटिस की कार्यवाही कर स्थल को सील करते हुए पुलिस अभिरक्षा में सौप दिया गया। मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार व अवर अभियन्ता आदर्श निराला तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर उपस्थित रहे।